| |
|---|
| दिनांक 24.07.2022 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2022 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कांवड़ यात्रा–2022 के दृष्टिगत व्यापक पुलिस प्रबंध

सुरक्षित कांवड़ यात्रा–2022 के दृष्टिगत कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु मुख्यालय स्तर से पर्याप्त कदम उठाये गये हैं। उ0प्र0 पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि यात्रा में किसी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो तथा कांवड़ यात्रा **अच्छे, आनन्दमय एवं भयमुक्त वातावरण** में सम्पन्न हों, साथ ही शरारती एवं असामाजिक तत्वों के अन्दर कानून का भय व्याप्त हो। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूरे कांवड़ मार्ग एवं महत्वपूर्ण स्थानो की सतत् निगरानी की जा रही है।

**मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 सरकार** द्वारा कांवड यात्रा को सकुशल एवं सुरक्षित सम्पन्न कराने हेतु उच्चस्तर की सुरक्षा–व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा पर्याप्त मात्रा में समस्त संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। जिससे कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, और कांवड़ यात्री इस **आस्था के उत्सव** को आनन्दमय एवं भयमुक्त वातावरण में मना सके।

- कांवड़ यात्रा के अवसर पर सुरक्षा–व्यवस्था के दृष्टिगत संचार संसाधनों व कैमरे आदि से सुसज्जित होकर वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हवाई मार्ग (**हेलीकाप्टर**) से प्रभावी हवाई निरीक्षण व निगरानी करते हुये कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा/सुविधा को सुनिश्चित किया जा रहा है।
- आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में **''आजादी का अमृत महोत्सव''** मनाया जा रहा है, जिससे प्रोत्साहित होकर श्रद्धालुओं द्वारा राष्ट्रप्रेम की भावना से अभिभूत होकर भारी संख्या में राष्ट्रध्वज लेकर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता व देश के प्रति समर्पण की भावना से यह कांवड़ यात्रा **''कांवड़ तिरंगा यात्रा''** के रूप में मनाया जा रहा है।

- सम्पूर्ण प्रदेश में कुल **840 कांवड़ मार्ग** है, सभी जनपदों में कुल 4,556 शिवालय है, जहां जलाभिषेक किया जायेगा, 314 स्थानों पर श्रावण मेले का आयोजन किया जा रहा है व 332 नदी/घाट पर कांवड़ यात्रियों द्वारा कांवड़ में पवित्र जल भरा जा रहा है। इन समस्त स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था/प्रबन्ध किया गया है तथा पुलिस की शिफ्टवार ड्यटी सुनिश्चित की गयी है।
- कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग को 1917 **सेक्टर में विभाजित** करते हुये प्रत्येक सेक्टर में आवश्यकतानुसार पर्याप्त पुलिस बल की शिफ्टवार ड्यूटी लगायी गयी है।
- कांवड़ यात्रा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत 151 कम्पनी पीएसी, 11 कम्पनी केन्द्रीय पुलिस बल आवंटित किया गया है तथा 1195 **क्यूआरटी टीम** सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगायी गयी है।
- कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु यात्रा प्रारम्भ के पूर्व में ही 1670 से अधिक **पीस कमेटी/शांति समितियों की बैठक** की गयी है।
- कावड़ यात्रा को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु **पुलिस पिकेट, पुलिस गश्त, मोबाइल पेट्रोलिंग** हेतु पुलिस प्रबंध किये गये हैं व विभिन्न मुख्य मार्गो के रूट डायवर्जन हेतु पर्याप्त **यातायात पुलिस कर्मियों** की तैनाती कर उन्हें ब्रेथ एनेलाइजर सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं तथा आवश्यकतानुसार **बैरीकेटिंग** की व्यवस्था की गयी है, जिससे कांवड़ श्रद्धालुओं के साथ–साथ आम यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।
- महत्वपूर्ण स्थानों/संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिगत **ड्रोन कैमरे** के माध्यम से नियमित रूप से उॅचाई से निगरानी/चेकिंग की जा रही है।
- कांवड़ यात्रा मार्ग पर पर्याप्त **सीसीटीवी कैमरे** स्थापित कर अधिकतम स्थलों/मार्गो पर सर्वाधिक सीसीटीवी कवरेज करते हुये निरन्तर निगरानी/चेकिंग की जा रही है।

- ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को **बाडी वार्न कैमरे** उपलब्ध कराकर उन्हे समुचित रूप से **ब्रीफ** किया गया है।
- महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत महिला पुलिस कार्मिकों की तैनाती की गयी है।
- ड्यटी पर कर्तव्यरत समस्त पुलिस कार्मिकों को पूर्व में ही अच्छे व्यवहार हेतु भंलि–भांति **ब्रीफ** किया गया है।
- विघुत विभाग से समन्वय स्थापित कर नो पावर कट जोन बनाया गया है। उच्चस्तर का अन्तरविभागीय समन्वय सुनिश्चित किया गया है।
- पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के आपसी समन्वय से 24x7 **एम्बुलेंस** एवं स्वास्थ कर्मियों की मौजूदगी सुनिश्चित करायी गयी है।
- कांवड़ मार्ग, जल लेने के स्थान, नदी घाट पर समुचित पुलिस प्रबंध किये गये तथा **जलपुलिस, गोताखोर** व **एसडीआरएफ** की तैनाती की गयी है।
- कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह–जगह पवित्र गंगा जल की व्यवस्था करायी गयी है, जिससे कांवड़ यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा होने पर उन्हे पवित्र गंगा जल उपलब्ध हो सके।
- रेल मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु **जीआरपी व आरपीएफ** के आपसी समन्वय से रेल यातायात के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, मेरठ जोन एवं बरेली जोन सहित प्रदेश के समस्त जोन/परिक्षेत्र व जनपदों के **सोशल मीडिया सेल** द्वारा विभिन्न प्लेटफार्म यथा–**व्हाट्सएप, ट्विटर, इन्स्टाग्राम, फेसबुक** आदि पर होने वाले पोस्ट/**अफवाहों पर लगातार निगरानी** कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, होम–कंट्रोल/जोन/परिक्षेत्र/जनपद स्तर पर 24x7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। **श्री अवनीश कुमार अवस्थी,** अपर मुख्य सचिव, गृह, **श्री प्रशांत कुमार,** अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था व **डा0 संजीव गुप्ता,** पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0 द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम का निरन्तर पर्यवेक्षण किया जा रहा है।

- मेरठ जोन/परिक्षेत्र स्तर पर श्री राजीव सब्बरवाल, अपर पुलिस महानिदेशक, श्री प्रवीण कुमार पुलिस महानिरीक्षक एवं बरेली जोन/परिक्षेत्र स्तर पर श्री राजकुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, श्री रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। इन अधिकारियों द्वार क्षेत्र में (Field) में लगातार भ्रमण किया जा रहा है।

कांवड़ यात्रा प्रारम्भ होने के पूर्व तैयारियों की समीक्षा के क्रम में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 व अपर मुख्य सचिव, गृह उ0प्र0 द्वारा स्थलीय भ्रमण कर प्रदेश के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय व समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय बैठक की गयी थी।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के स्तर से निकटवर्ती प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों से समन्वय स्थापित कर कांवड़ यात्रा का निरन्तर अनुश्रवण किया जा रहा है।

## जनपद जालौन/थाना एट

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के लगभग 52 लाख रूपये कीमत का 01 किलोग्राम सोना**
- **लूट के 50 हजार रूपये नगद**
- **01 लाइसेन्सी रिवाल्वर, 10 जीवित कारतूस**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 23.07.2022 को थाना एट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम धगुंवा कला रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त आशीष को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के लगभग 52 लाख रूपये कीमत का 01 किलोग्राम सोना, लूट के 50 हजार रूपये नगद, 01 लाइसेन्सी रिवाल्वर, 10 जीवित कारतूस, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना एट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या सहित लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना एट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद सोना व रूपया उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध मे थाना एट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आशीष निवासी सरार्फा बाजार कृष्णानगर उरई थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1—लूट के लगभग 52 लाख रूपये कीमत का 01 किलोग्राम सोना।

2—लूट के 50 हजार रूपये नगद।

3—01 लाइसेन्सी रिवाल्वर, 10 जीवित कारतूस।

4—01 मोबाइल फोन।

5—01 मोटर साइकिल।

## जनपद रायबरेली/थाना गुरूबक्शगंज

- **पुलिस कार्यवाही में 05 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चेरी के भारी मात्रा में सोने–चाँदी के आभूषण**
- **06 हजार 200 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, बैग आदि**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 जीवित, 03 खोखा कारतूस**
- **01 स्विफ्ट डिजायर कार बरामद**

दिनांक 24.07.2022 को थाना गुरूबक्शगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगदिलपुर नहर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान कार सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–दीपक कुमार 2–सुनील घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–शिवम 4–अभिनव 5–विशाल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/चेरी के भारी मात्रा में सोने–चाँदी के आभूषण, 06 हजार 200 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, बैग आदि, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 जीवित, 03 खोखा कारतूस, 01 स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त दीपक कुमार के विरूद्ध जनपद रायबरेली, उन्नाव के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गुण्डा एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त सुनील के विरूद्ध जनपद रायबरेली, उन्नाव के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग, अभियुक्त अभिनव के विरूद्ध जनपद रायबरेली, उन्नाव के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त शिवम व विशाल के विरूद्ध जनपद रायबरेली, उन्नाव के विभिन्न थानो में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी आदि के 07–07 अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि लूट/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गुरूबक्शगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—दीपक कुमार निवासी सतांव थाना गुरूबक्शगंज जनपद रायबरेली।

2—सुनील निवासी किलौली थाना गुरूबक्शगंज जनपद रायबरेली।

3—शिवम निवासी पूरे बाजपेई किलौली थाना गुरूबक्शगंज जनपद रायबरेली।

4—अभिनव निवासी पूरे लालजी मजरे सुल्तानपुर खेड़ा थाना गुरूबक्शगंज जनपद रायबरेली।

5—विशाल निवासी किलौली थाना गुरूबक्शगंज जनपद रायबरेली।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट/चेरी के भारी मात्रा में सोने—चाँदी के आभूषण।

2—06 हजार 200 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, बैग आदि।

3—02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 जीवित, 03 खोखा कारतूस।

4—01 स्विफ्ट डिजायर कार।

## <u>जनपद गोण्डा/थाना इटियाथोक</u>

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी की 02 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 02 खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 23/24.07.2022 की रात्रि थाना इटियाथोक व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परासिया बहोरीपुर के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस

टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अजय घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–विनय सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी की 02 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 02 खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.07.2022 को थाना इटियाथोक क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इटियाथोक पर मु0अ0सं0 226/2022 धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद 01 मोटर साइकिल उक्त लूट के एवं 01 मोटर साइकिल चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना इटियाथोक पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अजय निवासी बैरागीजोत थाना धानेपुर जनपद गोण्डा।

2–विनय निवासी बैरागीजोत थाना धानेपुर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी**

1–लूट/चोरी की 02 मोटर साइकिल।

2–01 अवैद तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 02 खोखा कारतूस।

## जनपद गोरखपुर/थाना सिकरीगंज

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 24.07.2022 को थाना सिकरीगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भूमिधर तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त विजय को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिकरीगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 135/2019 धारा 419/420/406/504/506 भादवि व 3(1)द, ध एससी/एसटी एक्ट में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिकरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विजय निवासी पटना थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर।

## जनपद मैनपुरी/थाना कोतवाली

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 24.07.2022 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जेल चौराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त युसुफ अली को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली मैनपुरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 76/2020 धारा 419/420/467/468/471 भादवि में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–युसुफ अली निवासी मुकुटपुर थाना टांडा जनपद रामपुर।

————————